आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.04.2025 समय : 02.10pm

## कैबिनेट निर्णय

आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल बनाने , 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव आयोजित करने के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बस चलाने की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक के निर्णयों की जानकारी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजवर्गीय ने देते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत इस बार किताब कॉपियों का वितरण भी किया जा रहा है।

## स्कूल चले हम अभियान

प्रदेश में आज से स्कूल चलें हम अभियान प्रारंभ हो गया है । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल में अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री ने नवीन सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी कार्यक्रम । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सीएम राइज स्कूलों को नाम महर्षि सांदीपनि के नाम पर करने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि इस साल स्कूल प्रारंभ होने के साथ ही बच्चों को कॉपी-किताबें दी जा रही हैं।

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों और में भी स्कूल चले हम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कटनी जिले में 4 अप्रैल तक शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शिवपुरी जिले में आज से अभियान की शुरुआत हो गई। इस दौरान नए शैक्षणिक सत्र को लेकर सभी स्कूलों में आवश्यक सभी तैयारियां की गई है।

## वेव्स भोपाल

प्रथम विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन Waves का आयोजन 1 से 4 मई, तक मुंबई, में किया जाएगा। इसमें आयोजित होने वाले क्रिएटर इन इंडिया चैलेंज्स से संबंधित घोषणाओं के लिए एक पत्रकारवार्ता आज दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर दूरदर्शन केन्द्र भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भारतीय कॉमिक्स एसोसिएशन और एसोसिएशन इंटरनेशनेल डु फिल्म डी'एनिमेशन के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में वेव्स अवाड्र्स ऑफ एक्सीलेंस के लिए फाइनलिस्ट की घोषणा, भारतीय कॉमिक्स एसोसिएशन (आईसीए) द्वारा वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर चैम्पियनशिप के फाइनलिस्टों की घोषणा और वेव्स कॉस्प्ले प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की जाएगी।

## विकसित भारत युवा संसद

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय आज नई दिल्ली में तीन दिवसीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम शुरू करेगा। इसमें प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से चयनीत 3 उम्मीदवार यानी कुल 108 युवा हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम के लिए, प्रदेश की तीन छात्राओं का चयन किया गया है, इसमें इंदौर जिले की सजल जैन, भिंड जिले की यति सिसौदिया और सतना जिले की राशि त्रिपाठी शामिल हैं। प्रतिभागी "एक राष्ट्र, एक चुनाव" और "विकसित भारत" पर प्रश्नकाल सहित उच्च-स्तरीय चर्चाओं और गतिविधियों में शामिल होंगे। ये प्रतिभागी लोकसभा और राज्यसभा के सत्रों में भी भाग लेंगे। गुरुवार को विकसित भारत युवा संसद पुरस्कार और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

समाचार संक्षेप में :–

- खंडवा जिले में कक्षा 1 से 12 वीं तक के छात्रों के लिए जिमखाना ग्राउंड के पास सूरजकुंड पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर मा. विद्यालय में आज से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला आयोजित होगा।

- आगरमालवा जिले के बड़ौद, नलखेड़ा, सुसनेर तथा आगरमालवा विकासखंड स्तर पर पुस्तक मेलों का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 11 से 04 बजे तक किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए जल स्रोतों की साफ सफाई और मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया है।

.....................